उदासीनता | पुराने छात्रावास के चार कमरों में पढ़ने को मजबूर 150 छात्राएं

कन्या महाविद्यालय विद्युतीकरण के अभाव में बंद

अनूपपुर, नवभारत 23 जुलाई। जिला मुख्यालय में 4 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से निर्मित शासकीय कन्या महाविद्यालय का नया भवन लगभग तैयार होने के बावजूद अब तक शुरू नहीं हो सका है। भवन में विद्युतीकरण का कार्य अधूरा होने के कारण नए शैक्षणिक सत्र में भी छात्राओं को पुराने छात्रावास भवन के चार कमरों में पढ़ाई करनी पड़ रही है।

वर्तमान में महाविद्यालय का संचालन पीएमश्री शासकीय तुलसी महाविद्यालय परिसर स्थित पुराने छात्रावास भवन से किया जा रहा है। छात्रावास में कुल 10 कमरे हैं, लेकिन शैक्षणिक गतिविधियां केवल चार कमरों में संचालित हो रही हैं।

छात्राओं को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

सीमित स्थान के कारण छात्राओं को बैठने, अध्ययन करने तथा शिक्षकों को कक्षाएं संचालित करने में लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महाविद्यालय में कला संकाय के प्रथम वर्ष से चतुर्थ वर्ष तक लगभग 150 छात्राएं अध्ययनरत हैं। इनके लिए केवल एक बड़ा कक्ष और तीन छोटे कमरे उपलब्ध हैं, जिनमें सभी कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।

कार्यालयीन सुविधाएं नहीं

9 शिक्षण एवं 8 गैर-शिक्षण कर्मचारियों को भी पर्याप्त कक्ष और कार्यालयीन सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। पीएमश्री शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल सक्सेना ने बताया कि कन्या शिक्षा परिसर के समीप नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय भवन का निर्माण 26 सितंबर 2023 से शुरू हुआ था।

बजट की कमी के कारण कार्य प्रभावित

अनुबंध के अनुसार निर्माण कार्य 18 माह में, अर्थात मार्च 2025 तक पूरा किया जाना था। बीच में बजट की कमी के कारण कार्य प्रभावित हुआ, जिसके बाद संशोधित प्राक्कलन के माध्यम से अतिरिक्त राशि की मांग की गई। अब भवन का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन विद्युत कार्य शेष होने से भवन का उपयोग शुरू नहीं किया जा सका है।

नए शैक्षणिक सत्र में नए भवन में लग सकती है कक्षाएं

प्राचार्य ने उम्मीद जताई कि विद्युतीकरण का कार्य पूरा होते ही आगामी नए शैक्षणिक सत्र से कन्या महाविद्यालय का संचालन नए भवन में शुरू कर दिया जाएगा। इससे छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

450 विद्यार्थियों व नागरिकों ने बनाई मानव श्रृंखला

जैतहरी मॉडल स्कूल में गूंजा नशामुक्ति का संदेश

अनूपपुर, नवभारत 23 जुलाई। मध्य प्रदेश शासन के पुलिस विभाग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जैतहरी में नशे से है दूरी जरूरी एवं नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 450 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जगनाथ मरकाम, सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक कृष्ण कुमार सोनी के मार्गदर्शन तथा जिला खेल प्रशिक्षक रामचंद्र यादव के सहयोग से किया गया।

नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई- कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसके बाद विद्यालय परिसर में 450 लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर 'नशे से है दूरी जरूरी' का संदेश दिया। इस अवसर पर 'नशा छोड़ो, रिश्ता जोड़ो', 'काम का न काज का, नशा है दुश्मन जान का' और 'नशा मुक्ति भारत अभियान सफल हो' जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

नशा अनेक गंभीर बीमारियों की जड़ है : प्राचार्य

विद्यालय के प्राचार्य कमलेश राठौर ने कहा कि नशा अनेक गंभीर बीमारियों और सामाजिक बुराइयों की जड़ है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार, गांव और समाज में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। थाना जैतहरी के उपनिरीक्षक जेपीएच तिर्की ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जनसहभागिता से ही संभव है।

एक नजर में

कॉम्बिंग गश्त के दौरान 9 स्थायी वारंट तामील

अनूपपुर, नवभारत। जिले में अपराधियों और फरार वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बिजुरी पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए 9 स्थायी एवं 2 गिरफ्तारी वारंटों की तामील की है। सभी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में संजू कोल, रामसिंह, घनश्याम सिंह गोंड उर्फ छोटा, दुर्गावती सिंह, कमला बाई प्रधान, लालाराम केवट एवं हेमा बंसल सहित अन्य वारंटी शामिल हैं। पुलिस ने सभी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया तथा तामीलशुदा वारंट न्यायालय को प्रेषित कर दिए।

नशे की उपलब्धता पर लगे प्रभावी रोक : मिश्रा

अनूपपुर, नवभारत 23 जुलाई। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाया जा रहा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने तथा नशामुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। इसी बीच वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य मिश्रा ने अभियान की प्रभावशीलता को लेकर एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया है। उनका कहना है कि नशे से दूरी का संदेश देने से ज्यादा जरूरी है, नशे की उपलब्धता से दूरी बनाना। उन्होंने कहा कि केवल जागरूकता अभियान चलाने से नशे की समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। एक ओर युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी जा रही है, वहीं दूसरी ओर शराब की वैध और अवैध बिक्री जारी है और कई क्षेत्रों में अवैध शराब व मादक पदार्थों की बिक्री की शिकायतें भी लगातार सामने आती रहती हैं।

दो स्कूल बसों सहित 7 वाहनों पर कार्रवाई

अनूपपुर, नवभारत 23 जुलाई। स्कूली बच्चों की सुरक्षा और सड़क सुरक्षा नियमों के प्रभावी पालन को सुनिश्चित करने के लिए अनूपपुर पुलिस का ऑपरेशन सेफ्टी अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में यातायात पुलिस ने गुरुवार को विशेष जांच अभियान चलाकर बिना वैध परमिट संचालित दो स्कूल बसों समेत सात स्कूली वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की। अभियान के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए तीन चालकों के

विरुद्ध भी कड़ी वैधानिक कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया। यातायात पुलिस की जांच में सनराइज कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल निगवानी की बच्चों को ले जा रही दो स्कूल बसें बिना वैध परमिट संचालित होती मिलीं।

नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्रवाई

इसके अलावा लिटिल स्टेप स्कूल अनूपपुर तथा मेगामाइंड स्कूल अनूपपुर के बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों में भी नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की गई। बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीर मानते हुए सभी वाहनों पर नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 28 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 1 लाख 12 हजार 500 से अधिक का जुर्माना लगाया गया।

बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह बरकरार

अमरकंटक में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आगाज

अमरकंटक, नवभारत 23 जुलाई। मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक स्थित शांति कुटी आश्रम में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी रामभूषण दास महाराज के सानिध्य में आयोजित यह धार्मिक महोत्सव 22 से 29 जुलाई तक चलेगा। पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से आश्रम परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। महोत्सव की शुरुआत प्रातः लगभग 11 बजे शांति कुटी आश्रम से मां नर्मदा उद्गम मंदिर तक निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई।

मंदिर में किया गया पूजन अर्चन- शोभायात्रा में महिलाओं और पुरुषों ने सिर पर कलश धारण कर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नर्मदा उद्गम मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मंदिर में पंडित उमेश द्विवेदी एवं पंडित रूपेश द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण का पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा का पवित्र जल कलशों में भरकर मंदिर की परिक्रमा की और पुनः कथा स्थल पहुंचे।

श्रीमद्भागवत कथा का होगा आयोजन- गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत 22 से 28 जुलाई तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 7 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास आचार्य श्याम महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का श्रवण कराएंगे। आयोजन के प्रमुख यजमान सरोज पोद्दार एवं रमेश पोद्दार है।

कलमुडी रेलवे अंडरब्रिज दे रहा हादसों को न्यौता

बरसात में उफनते नालों से राहगीर खौफजदा

कोतमा नवभारत 23 जुलाई। बरसात के मौसम की शुरुआत होते ही कोतमा कलमुडी रेलवे अंडरब्रिज रोड से गुजरने वाले राहगीरों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं।

अंडरब्रिज के दोनों ओर बने अत्यधिक चौड़े और गहरे नाले बारिश के दिनों में उफान पर आ जाते हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि सड़क और इन खतरनाक नालों के बीच सुरक्षा का कोई इंतज़ाम नहीं है—ना तो कोई रेलिंग लगाई गई है और ना ही सुरक्षा दीवार बनाई गई है। इसके

चलते यहाँ हर वक्त किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।

चौड़ाई कम, खतरा ज्यादा

स्थानीय निवासियों और राहगीरों के अनुसार, सड़क की चौड़ाई इतनी कम है कि यदि सामने से एक चार पहिया वाहन (कार) आ जाए, तो उसके बाजू से एक बाइक या स्कूटी का निकलना भी नामुमकिन हो जाता है। ऐसे में ज़रा सी लापरवाही या संतुलन बिगड़ने पर वाहन सीधे गहरे और उफनते नाले में समा सकता है।

स्कूटी चालक महिलाओं की जनप्रतिनिधियों से गुहार

विशेष रूप से स्कूटी व दोपहिया वाहन चलाने वाली महिलाओं ने शासन-प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया है। महिलाओं का कहना है कि बारिश में पानी भर जाने से सड़क और नाले का अंतर समझ में नहीं आता, जिससे दोपहिया वाहनों के फिसलने का सबसे ज्यादा डर रहता है।

इनका कहना है

रोजाना इस मार्ग से गुजरना किसी दुःस्वप्न से कम नहीं है। यदि समय रहते इन नालों को ढका नहीं गया या किनारे रेलिंग नहीं लगाई गई, तो कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है।

अजीत जैन, भाजपा नेता

इस नाले को ढकवाने के लिए रेलवे बिलासपुर डीआरएम से पत्राचार चल रहा है, जल्द उसे ढंकबाया जाएगा।

अजय सराफ, अध्यक्ष नपा कोतमा

जिले में 7 थाना प्रभारियों के किए गए तबादले

पुलिस में बड़ा फेरबदल, कोतवाली की कमान संजय इक्का को

अनूपपुर, नवभारत 23 जुलाई। जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब ने गुरुवार को सात थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नई पदस्थापनाएं की हैं। इसके साथ ही दो उपनिरीक्षकों और एक सहायक उपनिरीक्षक के पूर्व में किए गए स्थानांतरण आदेश में संशोधन कर उन्हें उनके वर्तमान पदस्थापन स्थल पर ही यथावत रखा गया है।

जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक संजय अशोक इक्का को

अनूपपुर कोतवाली का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक राधिका भगत को अजाक थाना अनूपपुर से भालूमाड़ा थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। निरीक्षक उमेश उपाध्याय को भालूमाड़ा से कारनपठार थाना, निरीक्षक वीरेंद्र बरकड़े को कारनपठार से राजेंद्रग्राम थाना, निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी को अमरकंटक से आजाका थाना तथा निरीक्षक मनिम टोप्पो को बिजुरी थाना से अमरकंटक थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं निरीक्षक प्रकाश चंद्रा कोल को राजेंद्रग्राम से पुलिस लाइन भेजा गया है।

कुछ स्थानांतरण आदेशों में संशोधन किया गया

इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने पूर्व में जारी कुछ स्थानांतरण आदेशों में संशोधन करते हुए उपनिरीक्षक मंगल दुबे का स्थानांतरण निरस्त कर उन्हें चौकी सरई में ही यथावत रखा है। उपनिरीक्षक सोने सिंह परस्ते को फुनगा में तथा सहायक उपनिरीक्षक पवन प्रजापति को अनूपपुर कोतवाली में यथावत पदस्थ रहने के आदेश दिए गए हैं।

कोटितीर्थ कुंड का गौमुख खंडित, जल्द लगाया जाएगा नया गौमुख

अनूपपुर, नवभारत 23 जुलाई। जिले में स्थित पवित्र तीर्थनगरी अमरकंटक में मां नर्मदा उद्गम स्थल के कोटितीर्थ कुंड का गौमुख क्षतिग्रस्त हो गया है। गौमुख का निचला हिस्सा टूटकर अलग हो गया, जबकि उसी स्थान से मां नर्मदा की पवित्र जलधारा लगातार प्रवाहित हो रही है।

श्रद्धालुओं ने खंडित गौमुख को देखकर संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गौमुख किस कारण से क्षतिग्रस्त हुआ। सूचना मिलते ही नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह

परस्ते ने कर्मचारियों को मौके पर भेजकर निरीक्षण कराया। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त गौमुख को शीघ्र बदल दिया जाएगा। इसके लिए नया गौमुख जबलपुर अथवा जयपुर से मंगवाकर विधिवत स्थापित किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अमरकंटक प्राधिकरण के उपयंत्री सुमित ने भी स्थल का निरीक्षण किया और बताया कि नया गौमुख जल्द ही स्थापित कराया जाएगा।

दो गंभीर मरीजों को डेढ़ लाख रुपये की सहायता

अनूपपुर, नवभारत। जिले के दो गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत कुल 1.50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं वितरण को कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मंजूरी प्रदान की है। जारी आदेश के अनुसार कोतमा विकासखंड के ग्राम बुधानपुर निवासी गया प्रसाद मिश्रा को फोरनियर्स गैंग्रीन बीमारी के उपचार के लिए 65 हजार रुपये तथा अनूपपुर के फुलकोना रामनगर निवासी राम विशाल सिंह को लार्ज एक्यूट नॉन-हेमरेजिक बीमारी के उपचार हेतु 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने सतर्क रहे : विश्वलाल

पैरालीगल वॉलेंटियर्स को साइबर सुरक्षा एवं ई-कोर्ट सेवा का दिया गया प्रशिक्षण

अनूपपुर, नवभारत 23 जुलाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माया विश्वलाल के मार्गदर्शन में होटल मंदाकिनी में पैरालीगल वॉलेंटियर्स के लिए सीआईएस साइबर सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माया विश्वलाल ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता प्रत्येक नागरिक की प्राथमिक आवश्यकता बन गई है। उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के

लिए सतर्क रहने तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की अपील की।

प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी- प्रशिक्षण सत्र में सिस्टम ऑफिसर पवन सिंह ने ई-कोर्ट की विभिन्न सेवाओं, जिनमें केस स्टेटस, ई-फाइलिंग, ई-पे एवं अन्य ऑनलाइन न्यायिक सुविधाएं शामिल हैं, का लाइव प्रदर्शन कर उनकी उपयोगिता और प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी।

नागरिकों को डिजिटल न्यायिक सेवाओं से जोड़ने का आह्वान

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री रावेन्द्र सोनी ने पैरालीगल वॉलेंटियर्स की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विधिक सहायता एवं ई-कोर्ट सेवाओं की जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से अधिक से अधिक नागरिकों को डिजिटल न्यायिक सेवाओं से जोड़ने का आह्वान किया।

परेशानी | स्थायी सुधार की मांग, रात के समय वाहन चालक हो रहे परेशान

चचाई-विवेकनगर की अधूरी सड़क से हादसे की आशंका

अनूपपुर, नवभारत 23 जुलाई। अनूपपुर-शहडोल मुख्य मार्ग पर चचाई और विवेकनगर के बीच सड़क का एक अधूरा हिस्सा वाहन चालकों के लिए लगातार परेशानी और दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों और नियमित रूप से इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों ने संबंधित विभाग से सड़क के इस हिस्से का स्थायी रूप से निर्माण कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार सड़क के बीच पूर्व में मौजूद पेड़ों को हटाए जाने के बाद उस स्थान को आसपास की पक्की सड़क के

समान समतल नहीं किया गया। परिणामस्वरूप सड़क की सतह में असमानता बनी हुई है, जिससे विशेषकर रात के समय वाहन चालकों को सड़क की वास्तविक स्थिति का अनुमान लगाना कठिन हो जाता है।

बारिश के दौरान फिसलन बढ़ जाती है- स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में तो चालक सावधानी बरत लेते हैं, लेकिन रात के समय अचानक सड़क की सतह बदलने से वाहन असंतुलित हो सकते हैं। बारिश के दौरान मिट्टी गीली होने से फिसलन बढ़ जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। लोगों के अनुसार, पिछले दिनों इस स्थान के आसपास कुछ वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं भी सामने आई थीं। दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए संबंधित विभाग द्वारा कुछ समय पहले यहां गिट्टी डाली गई थी, लेकिन लगातार बारिश और गीली मिट्टी के कारण गिट्टी का बड़ा हिस्सा जमीन में दब गया है। इससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। वाहन चालकों का कहना है कि अस्थायी मरम्मत के बजाय तकनीकी परीक्षण कर सड़क के इस हिस्से का स्थायी एवं सुरक्षित निर्माण कराया जाना चाहिए। अनूपपुर-शहडोल मार्ग जिले का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री वाहन, निजी वाहन और भारी मालवाहक ट्रकों का आवागमन होता है। ऐसे में सड़क की असमान सतह किसी भी समय गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने लोक निर्माण विभाग तथा जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़क के उक्त हिस्से का शीघ्र तकनीकी निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार स्थायी मरम्मत अथवा सीसी निर्माण कराया जाए। साथ ही निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सुरक्षा की दृष्टि से चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं, ताकि रात के समय गुजरने वाले वाहन चालकों को पहले से सतर्क किया जा सके।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् अनूपपुर, जिला-अनूपपुर (म.प्र.) I/1182817/2026

Email-cmoanuppur@mpurban.gov.in

क्र. /UDH/0185/2026-ANP(O/oCMO)-ANP-COLL/2026 **निविदा-सूचना** अनूपपुर, दिनांक 22/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	एनआईटी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_521717_1 15/07/2026	I/1166491/2026 Anuppur	Construction of Anaganbari Building at Ward-04 Near Ramjanki Mandir.	06 Month 929240.00	2000.00 9292.00	14/08/2026
2	2026_UAD_521728_1 15/07/2026	I/1166491/2026 Anuppur	Construction of RCC Drain at Ward-01 Collectrate Colony Anuppur.	06 Month 6228796.00	10000.00 46715.00	14/08/2026

टिप्पणी: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अनूपपुर जिला-अनूपपुर (म.प्र.)